# ज्ञान सुरभि

## भाग - 8

## हिंदी - भाषा III

द्वितीय संस्करण - 2025

# आमुख

**'ज्ञानम् परमम् ध्येयम्, ज्ञानम् परमम् बलम्'** अर्थात् ज्ञान ही परम लक्ष्य है और ज्ञान ही परम बल है। विद्या का मुख्य उद्देश्य ज्ञान प्रदान करना है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अनुसार भाषा ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती है। अतः प्रारंभिक शिक्षा में भाषा को अधिक महत्त्व दिया हुआ है। इसी उपलक्ष्य में प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक **'ज्ञान सुरभि हिंदी भाषा III'** तैयार की गई है। यह पाठ्य श्रृंखला कक्षाएँ 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी होगी। हर पाठ्यपुस्तक में कहानियों और पठित बोध के अलावा विद्यार्थियों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने हेतु वार्तालाप का भी प्रक्षेप किया गया है। यह सिद्दत है कि जो विद्या बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान का निर्माण करती है, वही संपूर्ण विद्या कहलाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए हमारे गृह-प्राध्यापकों द्वारा क्रियाकलाप केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किया हुआ है। इस पठन-सामग्री में बच्चों का मार्गदर्शन करनेवाली मूल्यपरक कहानियाँ सरल और बोधगम्य भाषा में बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत की गई हैं। हर पाठ के आधार पर कठिन शब्दार्थ, बोध-प्रश्न और अन्य अभ्यास दिए हुए हैं, जो विद्यार्थियों की बौद्धिकता और बोधगम्यता के विकास में सहयोग देंगे। कक्षाएँ 1 और 2 में अक्षर ज्ञान, 3 से 5 तक की हर पाठ्यपुस्तक में गिनती, अनुवाद-अभ्यास के साथ-साथ विशेष रूप से घरेलू सामान, दाल, आभूषण, पशु-पक्षी से लेकर सभी प्रकार के सामान्य-ज्ञान का भी परिचय दिया गया है और कक्षाएँ 6 से 8 तक के लिए व्याकरण, पत्र लेखन, पोस्टर-विज्ञापन लेखन का प्रतिपादन भी किया गया है, जो बच्चों के लिए भावी जीवन में काफ़ी मददगार रहेगा। कक्षाएँ 5 से 8 तक के पाठ्यक्रम में मुहावरों की चित्र सहित व्याख्या की गई है। हर पाठ के अभ्यासों के बाद गतिविधियों के अंतर्गत पाठ संबंधित अन्य जानकारियाँ और विचारमंथनात्मक अभ्यास भी समाहित हैं। पाठ्य सामग्री के प्रारंभ में, 'पुनर्कथन' के रूप में पूर्व कक्षा के अनिवार्य विषय और अंत में, नमूने प्रश्न पत्र दिए गए हैं, जो छात्रों के लिए बहुत ही सहायक होंगे। प्रहर्ष की बात यह है कि इनमें छात्रों-अध्यापकों द्वारा खिंचित चित्रों का भी समावेश है। विद्यार्थियों के लिए एक संपूर्ण पाठ्य-सामग्री प्रदान करने का यह एक छोटा-सा प्रयास है।

सचिव

चेन्नई। जून 2025 — आर्य समाज सेवा फाउंडेशन

# Acknowledgements

## Lead Content Contributors

Dr.S.Avudainayaki M.A.,M.Sc(Psy).,B.Ed.,PGDT.,Ph.D.

Smt.Alagulatha AL M.A.,B.Ed.,PGDT.,M.Phil.

## Content Contributors

Smt.Sarala D B.A(Hindi).,M.Com.,B.Ed.

Shri.Ankush Kate M.A.,(Hindi,Sanskrit),M.Ed.,PGDY

## Design and Technical Support

Ms.Hamsavani Raman and Team

## Wrapper Design

Smt.D.Madhuri DFA (Front wrapper)

Shri.S.Vignesh DFA (Back wrapper)

# विषय सूची


| क्रम संख्या | प्रकरण | विधा | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| | पुनर्कथन | | 6 |
| 1 | ईश्वर कहाँ है? | कहानी | 8 |
| 2 | हवाई जहाज़ की यात्रा | वार्तालाप | 11 |
| 3 | डॉक्टर की लिखावट | पठित बोध | 14 |
| 4 | अनुवाद-I | सामान्य ज्ञान | 16 |
| 5 | मुहावरे-I | सामान्य ज्ञान | 18 |
| 6 | ईंट का जवाब पत्थर से | कहानी | 21 |
| 7 | गिनती | सामान्य ज्ञान | 23 |
| 8 | पोस्टर व विज्ञापन रचना-I | लेखन कौशल | 27 |
| 9 | पत्र लेखन-I | लेखन कौशल | 29 |
| 10 | मकान किराए पर | वार्तालाप | 30 |
| 11 | सूरज कब निकलेगा | पठित बोध | 33 |
| 12 | अनुवाद-II | सामान्य ज्ञान | 35 |
| 13 | मुहावरे-II | सामान्य ज्ञान | 36 |
| 14 | महाविद्यालय में पहला दिन | वार्तालाप | 39 |
| 15 | पोस्टर व विज्ञापन रचना-II | लेखन कौशल | 43 |
| 16 | पत्र लेखन-II | लेखन कौशल | 45 |
| 17 | व्याकरण | व्याकरणिक बोध | 46 |
| | आंतरिक मूल्यांकन | | 51 |
| | नमूने प्रश्न पत्र | | 53 |

# पुनर्कथन RECAPITULATION
## RECAP-I

### I शरीर के अंगों के नाम

नाक कान मुँह जीभ दाँत सिर हाथ पैर गला कंधा भुजा
उंगलियाँ आँख पेट छाती एड़ी अँगूठा

### II फलों के नाम

सेब आम अनन्नास कटहल पपीता सीताफल केला अमरूद लीची
अंगूर अनार

### III हमारे सहायक

डॉक्टर अध्यापक/शिक्षक नर्स/उपचारिका डाकिया किसान पुलिस मोची
नाई दरजी बढ़ई

### संभाषण - परीक्षा पर




(TERM I)

| | |
|---|---|
| 1. When is the examination going to begin? | परीक्षाएँ कब शुरू होने वाली हैं? |
| 2. It is going to start from next week. | परीक्षाएँ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली हैं। |
| 3. Have you received the Admit Card? | क्या आपको प्रवेश पत्र मिल गया है? |
| 4. Yes, received. | हाँ, मिल गया। |
| 5. Have you prepared for the examination? | क्या आपने परीक्षा की तैयारी कर ली? |
| 5. Yes, I have prepared well. What about you? | हाँ, मैंने अच्छी तैयारी कर ली है। और आपकी? |
| 6. Yet to learn two lessons. | और दो पाठ सीखना बाकी है। |
| 7. How was the question paper? | प्रश्न पत्र कैसा था? |
| 8. It was very easy. | बहुत आसान था। |
| 9. The paper was a bit tough. I did not do well. | प्रश्न पत्र थोड़ा कठिन था। मैंने अच्छा नहीं किया। |
| 10. What happened? | क्या हुआ? |
| 11. I was not well yesterday, couldn't study. | कल मेरी तबीयत ठीक नहीं थी, पढ़ाई नहीं कर सका। |
| 12. Don't worry. Concentrate on tomorrow's examination. | चिंता मत कीजिए। कल की परीक्षा पर ध्यान देना। |
| 13.I do not understand this lesson, could you please explain? | मुझे यह पाठ समझ में नहीं आया, क्या आप कृपया समझा सकते हैं? |
| 14. Thank you. I hope, I will get good marks. | धन्यवाद। मुझे यकीन है कि मुझे अच्छे अंक मिलेंगे। |
| 15. The results will be announced tomorrow. | परीक्षा परिणाम कल निकलेंगे । |

# RECAP II

## I भारतीय मसाले

जीरा सौंफ कालीमिर्च तेजपत्ता हींग इलायची

लौंग अदरक मेथी सरसों चक्र फल लहसुन

## II दालों के नाम

तुअर दाल चना दाल मूँग दाल उड़द दाल मटर दाल

हरीमूँग दाल कुलथी दाल काबूली चना काला चना

## III अनाजों के नाम

चावल गेहूँ ज्वार बाजरा मक्का रागी जौ साबूदाना

### संभाषण - परीक्षा पर




(TERM II)

| | |
|---|---|
| 1. Hello, Srikanth! How are you? | श्रीकांत! कैसे हो? |
| 2. Hello, I am not Srikanth. | मैं श्रीकांत नहीं हूँ। |
| 3. Is this 9898989898? | क्या यह 9898989898 है? |
| 4. Yes. I am Srikanth's younger brother. | हाँ, मैं श्रीकांत का छोटा भाई हूँ। |
| 5. May I speak to him? | क्या मैं उससे बात कर सकता हूँ? |
| 6. May I know, who is on the line? | क्या मैं जान सकता हूँ कि लाइन पर कौन है? |
| 7. I am Karan, Srikanth's classmate. | मैं करण हूँ, श्रीकांत का सहपाठी हूँ। |
| 8. Namaste. He has gone out. | नमस्ते! वे बाहर गए हैं। |
| 9. When will he be back? | वह कब आएगा? |
| 10. He will be back in 10 minutes. | वे दस मिनट में आ जाएँगे। |
| 11. Could you please pass on a message to him? | क्या आप कृपया उसे एक संदेश दे सकते हैं? |
| 12. Sure, please tell me. | ज़रूर, कृपया मुझे बताइए। |
| 13. Which grade are you studying in? | आप कौन-सी कक्षा में पढ़ रहे हैं? |
| 14. I am studying in eighth grade. | मैं आठवीं कक्षा में पढ़ रहा हूँ। |
| 15. My brother has come. | मेरे भाई आ गए हैं। |
| 16. Please give the phone to him, I would like to speak to him. | कृपया उसे फोन देना, मैं उससे बात करना चाहता हूँ। |

# 1. ईश्वर कहाँ है?

शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| देश - वतन Country | राजा - नरेश King | प्रकाश - उजाला Light |
| वृद्ध - बूढ़ा Elderly Person | विचार - सोच Thought | |




मंगलपुरी नामक देश में राजा चंद्रसेन शासन कर रहे थे। वे भले और प्रजा के सुख-दुःख का ख्याल रखने वाले थे। उनके प्रधान मंत्री वृद्ध और बड़े विद्वान थे। एक दिन राजसभा में राजा ने सभासदों से यह प्रश्न किया, "ईश्वर कहाँ हैं? किस दिशा में हैं? और क्या करने में समर्थ हैं?" सब लोग विचार में डूब गए, परंतु किसी को भी इसका उत्तर नहीं सूझा। लंबे समय बाद राजा ने अपने मंत्री जी से इनके उत्तर बताने को कहा, तो मंत्री जी ने एक दिन का समय माँगा।

घर वापस आए मंत्री चिंतित हो गए। उनके बुद्धिमान पोते ने यह देखा। वह उनके पास आया और पूछा, "दादाजी! आप क्यों चिंतित हैं? क्या हुआ?" तब मंत्री जी ने सारी बातें बताईं। पोते ने कहा, "चिंता मत कीजिए दादाजी! मैं कल राजसभा जाऊँगा और राजा के प्रश्नों के उत्तर दूँगा।" मंत्री जी एकदम डर गए। उन्होंने कहा, "बेटा! तुम बहुत छोटे हो, यह नहीं हो सकता।" पोते ने कहा, "नहीं दादाजी! मैं आपका नाम बनाकर रखूँगा।"

दूसरे दिन सब लोग प्रश्न के उत्तर जानने के लिए उत्सुक थे। मंत्री जी की प्रतीक्षा थी। राजा ने मंत्री का पता लगाने को कहा, तो पोते ने कहा, "क्षमा कीजिए महाराज! दादाजी की तबीयत ठीक नहीं है। मैं आपके प्रश्नों के उत्तर दूँगा।" सभी लोग चकित होकर बालक को देखने लगे।

राजा ने कहा, “ठीक है बेटा! तुम्हीं बताओ। ईश्वर कहाँ हैं?”

पोते ने एक कलश में दूध लाने को कहा। कलश में दूध लाया गया। बालक ने राजा से पूछा, “मक्खन कैसे निकाला जाता है?” राजा ने उत्तर दिया, “दूध को मथने से मक्खन निकाला जा सकता है।” तो बालक ने कहा, महाराज! आप इस दूध में रहे मक्खन को दिखाइए।” राजा अचरज में पड़ गए और कहा कि दूध में मक्खन तो है, परंतु दिखाया नहीं जा सकता है। बालक ने कहा, “आपके प्रश्न का उत्तर मिल गया है। दूध में रहे मक्खन के समान ही ईश्वर भी इस संसार के कण-कण में निहित हैं।”

राजा ने बहुत खुश होकर दूसरा प्रश्न पूछा, “ईश्वर किस दिशा में हैं?” बालक ने एक दीपक लाने को कहा और राजा से कहा, “महाराज! अब बताइए! दीपक किस दिशा की ओर प्रकाश दे रहा है?” राजा ने कहा,“दीपक सभी दिशाओं की ओर प्रकाश दे रहा है।” बालक ने कहा, “महाराज! जैसे दीपक सभी दिशाओं को प्रकाशित कर रहा है, उसी प्रकार ईश्वर भी सभी दिशाओं में विराजमान हैं।”

राजा ने बहुत आनंदित होकर तीसरा प्रश्न पूछा, “ईश्वर क्या करने में समर्थ हैं?” अब बालक ने राजा से कहा,“मैं इस प्रश्न का उत्तर आपके सिंहासन पर बैठकर बताऊँगा, कृपया मुझे अनुमति दीजिए।” राजा सिंहासन से उठकर नीचे आए और बालक को अपने सिंहासन पर बिठाया। सभी सभासद अचरज में पड़ गए। तुरंत वहाँ हलचल मच गई । राजा ने सबको शांत रहने को कहा। बालक ने उत्तर दिया, “ईश्वर सर्वशक्तिमान हैं, कुछ भी करने में सक्षम हैं; राजा को रंक और रंक को राजा बनाने में समर्थ हैं।” यह सुनते ही राजा ने उस बालक को अपने कंधों पर उठा लिया। सबने तालियाँ बजाईं।

## अभ्यास

### I वाक्य में प्रयोग कीजिए

समय चिंता तबीयत हलचल

### II रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. दादाजी की तबीयत ________________ नहीं है।
2. सब लोग ________________ में डूब गए।
3. राजा ने ________________ को अपने सिंहासन पर बिठाया।
4. ________________ सर्वशक्तिमान हैं।

## III जोड़े बनाइए

| | | |
|---|---|---|
| बुद्धिमान | - | वृद्ध और बड़े विद्वान |
| कलश | - | कण-कण में निहित हैं |
| दीपक | - | पोता |
| ईश्वर | - | प्रकाश |
| प्रधान मंत्री | - | दूध |

## IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. चंद्रसेन किस देश के राजा थे?
2. मंत्री जी ने उत्तर देने हेतु कितना समय माँगा?
3. राजा ने कितने प्रश्न किए?
4. राजा के प्रश्नों के उत्तर किसने दिए थे?
5. मक्खन किससे निकाला जाता है?

## गतिविधि

### ये भी जान लें

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूचना पट्ट | - | NOTICE BOARD | मुख्य अतिथि | - | CHIEF GUEST |
| प्रमाण पत्र | - | CERTIFICATE | संपादक | - | EDITOR |
| श्याम पट्ट | - | BLACK BOARD | संग्रहालय | - | MUSEUM |
| सभा मंडप | - | AUDITORIUM | पखवाड़ा | - | FORTNIGHT |
| परिषद | - | COUNCIL | प्रवेश पत्र | - | HALL TICKET |
| आगामी | - | FORTHCOMING | प्रतियोगिता | - | COMPETITION |

# 2. हवाई जहाज़ की यात्रा

शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कर्मचारी - सेवक | Clerk | स्थल - जगह | Place | प्रतीक्षा - इंतज़ार | Waiting |
| चैन - तसल्ली | Relief | जाँच - परख | Inquiry/Checking | | |



माँ: सोहन उठो, 6 बज चुके हैं।

सोहन: (उठकर तैयार होता है।) माँ! नाश्ता ....?

माँ: है बेटा! खा लो और... तुम्हारी फ्लाइट कितने बजे की है?

सोहन: 10 बजे की है, मैं समय पर पहुँच जाऊँगा।

**(सोहन टैक्सी से हवाई अड्डे की ओर जाता है। वहाँ पहुँचकर अन्य यात्री से अंदर जाने का रास्ता पूछता है)**

सोहन: सर! एअर इंडिया फ्लाइट (हवाई जहाज़) की 'चेक इन' कहाँ है?

यात्री: जी महोदय! आप सीधे जाकर बाएँ मुड़ जाइए। आपको सामने ही काउंटर दिखाई देगा।

सोहन: आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(सोहन काउंटर की तरफ़ जाता है।)

कर्मचारी: जी बोलिए, क्या आप अपना ई-टिकट दिखा सकते हैं?

सोहन: जी ज़रूर, यह लीजिए।

कर्मचारी: जी, यह लीजिए आपका बोर्डिंग पास। इसके बाद आपको अपना बैग वज़न कराने के लिए उधर जाना पडेगा।

सोहन: धन्यवाद जी।

(कर्मचारी बैग पर टैग लगाते हैं।)

कर्मचारी: अब आप चेकिंग के लिए जा सकते हैं ।

सोहन: ठीक है। क्या मैं अपना बटुआ हाथ में ले जा सकता हूँ?(बोर्डिंग पास लेकर सोहन चेकिंग के लिए जाता है।)

कर्मचारी: नहीं जी! वहाँ आपके सारे सामानों की जाँच होगी।

सोहन: अच्छा, धन्यवाद जी!

निरीक्षक: अपना सारा सामान बेल्ट, वॉलेट, मोबाइल, घड़ी आदि निकालकर इस ट्रे में रखिए।

सोहन: हाँ जी, अवश्य।

**(सोहन अपनी सारी चीज़ों को निकालकर ट्रे में रख देता है और चेकिंग के लिए पंक्ति में खड़ा हो जाता है।)**

निरीक्षक: चलिए, आगे बढ़िए।

सोहन: (आगे चलते हुए।) मुझे अब कहाँ जाना होगा?

निरीक्षक: एअर इंडिया फ्लाइट के प्रतीक्षा स्थल पर जाकर बैठिए।

सोहन: जी ज़रूर।

**(हवाई जहाज़ की प्रतीक्षा स्थल पर जाकर बैठता है।)**

**(स्पीकर से सूचना - मुंबई जानेवाले एअर इंडिया फ्लाइट के यात्री गेट नंबर 2 पर आ जाइए।)**

एअर होस्टेस: आपका एअर इंडिया की फ्लाइट में स्वागत है। कृपया आप अपना बोर्डिंग पास दिखाइए। आइए, यह रही आपकी सीट।

**(सोहन अपनी सीट पर बैठकर चैन की साँस लेता है।)**

# अभ्यास

## I निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए

यात्री हाथ हवाई जहाज़ घड़ी प्रतीक्षा

## II रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. मैं ____________ पर पहुँच जाऊँगा।
2. एअर इंडिया फ्लाइट के प्रतीक्षा ____________ पर जाकर बैठिए।
3. आपका एअर इंडिया की फ्लाइट में ____________ है।

## III निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. सोहन किस माध्यम से यात्रा कर रहा था?
2. सोहन कहाँ जा रहा था?
3. सोहन ने काउंटर से क्या लिया?
4. सोहन की फ्लाइट कितने बजे की थी?

## IV संवाद लेखन

1. जन्मभूमि के महत्त्व पर विदेश से लौटे मामाजी के साथ का संवाद लिखिए।
2. भाई के विवाह में बहुत सालों के बाद मिले रिश्तेदार के साथ का संवाद लिखिए।

## गतिविधि

अपनी पहली विमान यात्रा के अनुभव का कक्षा में वर्णन कीजिए।



# 3. डॉक्टर की लिखावट - पठित बोध



डॉक्टरों की लिखावट के विषय में मशहूर है कि वे ही उसे पढ़ सकते हैं। एक बार राकेश ने अपने डॉक्टर मित्र को भोजन पर बुलाया, लेकिन कुछ ज़रूरी काम पर उन्हें दिल्ली जाना पड़ा। डॉक्टर ने भोजन पर न आ पाने का जवाब एक पर्चे में लिखकर नौकर द्वारा भेज दिया। राकेश ने उस पर्चे को पढ़ने की कोशिश की, परंतु उन्हें डॉक्टर की लिखावट समझ में न आई। वे पर्चे को लेकर पड़ोस के कंपाउंडर के पास इसलिए गए कि कंपाउंडर डॉक्टरों की लिखावट आसानी से समझ पाते हैं। कंपाउंडर ने पर्चा देखकर कहा, "दो मिनट रुकिए।" वे अंदर से दवाई लेकर आए और कहा, "इसे सुबह-शाम ले लीजिए।" संयोगवश राकेश की पत्नी बीमार थी, अतः उन्होंने सोचा कि डॉक्टर ने पत्नी के लिए दवाई दी है। दो दिन बाद डॉक्टर दिल्ली से वापस आकर राकेश से मिलने उनके घर गए। उन्होंने राकेश से भोजन पर न आ पाने का कारण बताया, तो राकेश ने चकित होकर पूछा, "ओह! जो पर्चा आपने भेजा था, वह दवाई का नुस्खा नहीं था क्या!!!" डॉक्टर ने कहा, "न तो! मैंने उसमें न आ पाने का कारण लिखा था।" राकेश एकदम भयभीत होकर तुरंत अंदर से दवाई लेकर आए। दवाई को देखकर चैन की साँस लेते हुए डॉक्टर ने कहा, "यह तो विटामिन की दवाई है।" यह सुनकर राकेश ज़ोर से हँसने लगे। डॉक्टर भी अपनी हँसी को रोक नहीं पाए।

गद्यांश के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।

**1. डॉक्टरों की लिखावट के बारे में क्या कहा जाता है?**

सब पढ़ सकते हैं    डॉक्टर ही पढ़ सकते हैं    शिक्षक भी पढ़ सकते हैं

**2. राकेश ने डॉक्टर को क्यों बुलाया था?**

भोजन करने हेतु    इलाज करवाने हेतु    जन्मदिन मनाने हेतु

**3. डॉक्टर राकेश के घर क्यों नहीं जा पाए?**

दिल्ली जाना था    अस्पताल जाना था    मंदिर जाना था

**4. डॉक्टर ने राकेश को क्या भेजा था?**

पत्र    उपहार    पर्चा

**5. राकेश डॉक्टर का पर्चा लेकर कहाँ गए?**

पड़ोसी के पास    कंपाउंडर के पास    मित्र के पास

**6. डॉक्टर दिल्ली से कब वापस आए?**

दो दिन बाद    तीन दिन बाद    चार दिन बाद

**7. 'चैन की साँस लेना' मुहावरे का अर्थ लिखिए**

घबराना    क्रोधित होना    निश्चिंत होना

**8. पर्चा देखकर कंपाउंडर ने क्या दिया था?**

मिठाई    दवाई    उपदेश

**9. कौन बीमार था?**

राकेश की पत्नी    राकेश की माँ    राकेश की बहन

**10. दवाई को देखकर डॉक्टर ने क्या कहा?**

विटामिन की दवाई    बुखार की दवाई    कड़वी दवाई

# 4. अनुवाद-I



| | |
|---|---|
| 1. When did you eat mango? | आप ने आम कब खाया? |
| 2. Where do you go to learn? | आप पढ़ने के लिए कहाँ जाते हैं? |
| 3. What time is your flight? | आपकी फ्लाइट कितने बजे की है? |
| 4. What time did you get up? | आप कितने बजे उठे? |
| 5. How much do you want? | आपको कितना चाहिए? |
| 6. What do you want? | आपको क्या चाहिए? |
| 7. Where did you go? | आप कहाँ गए? |
| 8. Why did you forget? | आप क्यों भूल गए? |
| 9. When will you come? | आप कब आएँगे? |
| 10. Whom did you give the book? | आपने किसको पुस्तक दी? |
| 11. How did you come home? | आप घर कैसे आए? |
| 12. Why do you cry? | आप क्यों रोते हैं? |
| 13. How many fruits do you want? | आपको कितने फल चाहिए? |
| 14. Which is your book? | आपकी पुस्तक कौन-सी है? |
| 15. What do you want to do? | आप क्या करना चाहते हैं? |

वर्ग पहेली पूरी कीजिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | | | | |
| | | | 8 | | |
| | | | | 4 दू | |
| | 2 स | ह | च | र | 5 |
| | | | | द | |
| | | | | र्शी | |
| | 6 | | | | |
| 7 | | | | | |

**ऊपर से नीचे ↓**

1. जो कभी न मरे
2. जिसका नाथ हो
3. जिसका कोई आधार न हो
4. जो दूर की सोचे
5. मांस न खाने वाला

**बाएँ से दाएँ →**

1. जिसे जीता न जा सके
2. साथ चलने वाला
6. जिसका कोई शत्रु न हो
7. परोपकार करने वाला
8. जिसका आदि न हो



# 5. मुहावरे-I

**परिभाषा** - मुहावरा एक ऐसा वाक्यांश है जिसका वाक्य में प्रयोग किए जाने पर विशेष अर्थ प्रकट होता है। इससे भाषा आकर्षक, प्रभावपूर्ण तथा रोचक बन जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| रंगा सियार होना | - | ढोंगी |
| बेराह चलना | - | उचित कार्य न करना |
| हाथ डालना | - | कार्य शुरू करना |
| घड़ों पानी पड़ना | - | लज्जित होना |
| आसमान में उड़ना | - | बहुत अधिक गर्व करना |
| पहाड़ होना | - | बड़ी मुसीबत होना |
| एक टाँग पर खड़े होना | - | काम करने के लिए सदा तैयार रहना |
| पीठ दिखाना | - | कायरता दिखाना |

## गतिविधि

चित्र देखकर सही मुहावरे से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।



हमारी भारतीय सेना के आगे शत्रु सेना को अपनी ______________ ______________________________ पड़ी।



तुम मेरे छोटे भाई हो, मैं कभी तुम्हें ______________________ ______________________________ नहीं दूँगा।




पिताजी ने अपने नए व्यापार में ____________________

____________________________________________।




मैंने सोचा कि विनय बहुत बड़ा ईमानदार है, परंतु अभी अभी पता चलता है कि वह एक ____________________

________________________________________ है।



सुमन कक्षा में हमेशा प्रथम आता था, परंतु परीक्षा में नक़ल करते पकड़े जाने पर उसके मुँह पर ____________________

________________________________________गया।



तुम साल भर पढ़ते नहीं, तुम्हारे लिए पढ़ाई तो __________

__________________________________________।



विशाल इतना भला लड़का है कि दूसरों की मदद के लिए

_______________________________________ है।



विनीत ने चार पैसे तो कमा लिए कि वह ____________________ ____________________ लगा।

## गतिविधि

निम्न दी हुई वर्ग पहेली में से 8 मुहावरों को पहचानिए। दो आपके लिए बनाए हुए हैं।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ड़े | हा | थों | ले | ना | द | ना |
| का | ग | थ | ह | का | के | ला | ल |
| म | मु | म | नि | कि | मि | ना | खौ |
| आ | को | ल | से | र्च | दे | ल | न |
| ना | वू | ना | मि | नु | म | ज | खू |
| दि | फ | क | आँ | मी | जो | ल | जे |
| रे | म | रु | ने | खें | नु | दि | ले |
| न | लू | लि | ली | बी | बि | हु | के |
| सि | र | धु | न | ना | म | छा | इ |
| ज़े | सी | ती | प्रा | ण | सू | ख | ना |
| पे | ट | में | चू | हे | कू | द | ना |

# 6.ईंट का जवाब पत्थर से

शब्दार्थ

विशाल - बहुत बड़ा Huge     सम्मान - आदर Respect     कचरा - कूड़ा Garbage
परेशान- तकलीफ To disturb     स्वभाव - आदत Nature     झगड़ा - लड़ाई Quarrel



किशोर नामक एक बुद्धिमान व्यक्ति था, जो स्वभाव से बहुत अच्छा था। उसने एक बहुत बड़ा और सुंदर घर खरीदा। उस घर के सामने एक विशाल बगीचा था, जो बहुत सारे फल वाले पेड़ों से भरा हुआ था। वह अपने पड़ोसियों के साथ प्यार और सम्मान सहित पेश आता था। उसके पड़ोस में हर कोई उसे पसंद करता था, परंतु एक को छोड़कर। वह पड़ोसी एक बूढ़ा आदमी था।

वह पड़ोसी उससे ईर्ष्या करता था क्योंकि किशोर सबका प्रिय था। वह व्यक्ति चाहता था कि किशोर उस मोहल्ले को छोड़कर चला जाए, इसलिए उस बूढ़े आदमी ने अपने नए पड़ोसी को परेशान करने के लिए कई तरीके आजमाए, परंतु किशोर पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। उसने एक दिन किशोर को परेशान करने के लिए एक नया उपाय ढूँढा। उसने अपने घर का सारा कचरा उठाकर, रात को किशोर के दरवाज़े के सामने फेंक दिया।

अगली सुबह किशोर उठकर बाहर आया, तो उसने देखा कि ढेर सारा कचरा आँगन में फैला पड़ा था। उसने चुपचाप सारा कचरा एक थैली में इकट्ठा कर लिया। वह जानता था कि यह उस बूढ़े आदमी का काम है। फिर वह थैली लेकर बूढ़े आदमी के घर गया और दरवाज़ा

खटखटाया। बूढ़े आदमी ने खिड़की से झाँक कर देखा कि किशोर खड़ा है। वह मुसकराया और मन में सोचा कि आखिरकार वह उसे चिढ़ाने में सफल हुआ और अब वह उससे झगड़ा करने के लिए आया है।

जब बूढ़े व्यक्ति ने दरवाज़ा खोला, तो किशोर ने उसे वह थैली दी। बूढ़े व्यक्ति ने सोचा कि थैली में कचरा होगा। जब बूढ़े ने उस थैली के अंदर देखा, तो चकित रह गया। थैली ताज़े आमों से भरी हुई थी। फिर किशोर यह कहते हुए घर लौटा "जो जिस चीज़ के धनी हैं, उसे दूसरों के साथ साझा करना चाहिए।" किशोर की बात सुनकर बूढ़े आदमी को अपनी गलती का एहसास हुआ और शर्म से उसका सिर नीचे झुक गया।

**शिक्षा:** हमें हमेशा दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए।

## अभ्यास

### I निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए

सुंदर सुबह थैली चिढ़ाना

### II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. किशोर ने क्या खरीदा?
2. किशोर पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करता था?
3. किशोर का बगीचा कैसा था?
4. बूढ़े आदमी ने किशोर को कैसे परेशान किया?
5. किशोर ने बूढ़े आदमी को क्या दिया?

### III रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. उसने एक बहुत बड़ा और सुंदर ______________ खरीदा।
2. किशोर के घर के सामने एक ______________ बगीचा था।
3. उसने चुपचाप सारा कचरा एक ______________ में इकट्ठा कर लिया।
4. थैली ______________ आमों से भरी हुई थी।
5. बूढ़े व्यक्ति ने ______________ खोला।

# 7. गिनती

| | | |
|---|---|---|
| 1 | १ | एक |
| 2 | २ | दो |
| 3 | ३ | तीन |
| 4 | ४ | चार |
| 5 | ५ | पाँच |
| 6 | ६ | छ: |
| 7 | ७ | सात |
| 8 | ८ | आठ |
| 9 | ९ | नौ |
| 10 | १० | दस |
| 11 | ११ | ग्यारह |
| 12 | १२ | बारह |
| 13 | १३ | तेरह |
| 14 | १४ | चौदह |
| 15 | १५ | पंद्रह |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | १६ | सोलह |
| 17 | १७ | सत्रह |
| 18 | १८ | अठारह |
| 19 | १९ | उन्नीस |
| 20 | २० | बीस |
| 21 | २१ | इक्कीस |
| 22 | २२ | बाईस |
| 23 | २३ | तेईस |
| 24 | २४ | चौबीस |
| 25 | २५ | पच्चीस |
| 26 | २६ | छब्बीस |
| 27 | २७ | सत्ताईस |
| 28 | २८ | अट्ठाईस |
| 29 | २९ | उनतीस |
| 30 | ३० | तीस |

| | | |
|---|---|---|
| 31 | ३१ | इकतीस |
| 32 | ३२ | बत्तीस |
| 33 | ३३ | तैंतीस |
| 34 | ३४ | चौंतीस |
| 35 | ३५ | पैंतीस |
| 36 | ३६ | छत्तीस |
| 37 | ३७ | सैंतीस |
| 38 | ३८ | अड़तीस |
| 39 | ३९ | उनचालीस |
| 40 | ४० | चालीस |
| 41 | ४१ | इकतालीस |
| 42 | ४२ | बयालीस |
| 43 | ४३ | तैंतालीस |
| 44 | ४४ | चौवालीस |
| 45 | ४५ | पैंतालीस |

| | | |
|---|---|---|
| 46 | ४६ | छियालीस |
| 47 | ४७ | सैंतालीस |
| 48 | ४८ | अड़तालीस |
| 49 | ४९ | उनचास |
| 50 | ५० | पचास |
| 51 | ५१ | इक्यावन |
| 52 | ५२ | बावन |
| 53 | ५३ | तिरपन |
| 54 | ५४ | चौवन |
| 55 | ५५ | पचपन |
| 56 | ५६ | छप्पन |
| 57 | ५७ | सत्तावन |
| 58 | ५८ | अट्ठावन |
| 59 | ५९ | उनसठ |
| 60 | ६० | साठ |

| | | |
|---|---|---|
| 61 | ६१ | इकसठ |
| 62 | ६२ | बासठ |
| 63 | ६३ | तिरसठ |
| 64 | ६४ | चौंसठ |
| 65 | ६५ | पैंसठ |
| 66 | ६६ | छियासठ |
| 67 | ६७ | सड़सठ |
| 68 | ६८ | अड़सठ |
| 69 | ६९ | उनहत्तर |
| 70 | ७० | सत्तर |

| | | |
|---|---|---|
| 71 | ७१ | इकहत्तर |
| 72 | ७२ | बहत्तर |
| 73 | ७३ | तिहत्तर |
| 74 | ७४ | चौहत्तर |
| 75 | ७५ | पचहत्तर |
| 76 | ७६ | छिहत्तर |
| 77 | ७७ | सतहत्तर |
| 78 | ७८ | अठहत्तर |
| 79 | ७९ | उनासी |
| 80 | ८० | अस्सी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | - | दस | 1000 | - | हज़ार |
| 20 | - | बीस | 10,000 | - | दस हज़ार |
| 30 | - | तीस | 1,00,000 | - | एक लाख |
| 40 | - | चालीस | 10,00,000 | - | दस लाख |
| 50 | - | पचास | 1,00,00,000 | - | एक करोड़ |
| 60 | - | साठ | 1/4 | - | सवा |
| 70 | - | सत्तर | 1/2 | - | आधा / साढ़े |
| 80 | - | अस्सी | 3/4 | - | पौना |
| 90 | - | नब्बे | 1 1/2 | - | डेढ़ |
| 100 | - | सौ | 2 1/2 | - | ढाई / अढाई |

## गतिविधि

**'ओर' या 'और से रिक्त स्थान भरिए।**

1. मैं घर की ____________ जा रही हूँ।
2. हमें सुबह ____________ शाम को टहलना चाहिए।
3. नाश्ते में मीठा ____________ नमकीन रखिए।
4. जंगल की ____________ मत जाना।
5. भाई बाज़ार से संतरा ____________ सेब लेकर आए।
6. राम ____________ श्याम नदी की ____________ जा रहे हैं।
7. आप किस ____________ देख रहे हैं?
8. तुम ____________ मैं कल दिल्ली जाएँगे।
9. मैंने देखा कि मोहन ____________ सोहन बाज़ार की ____________ जा रहे थे।
10. छत की ____________ देखो! जाला लगा है।

# 8. पोस्टर व विज्ञापन रचना - I

पोस्टर व विज्ञापन रचना आधुनिक युग में प्रचार-प्रसार के लिए बहुत ही उपयोगी और अनिवार्य माध्यम सिद्ध हुआ है। किसी वस्तु की पूर्ण जानकारी देने हेतु, किसी उत्पाद की बिक्री बढ़ाने हेतु या किसी विषय के बारे में लोगों के मन में जागरण पैदा करने के लिए पोस्टर/विज्ञापन का प्रयोग किया जाता है। यह एक अद्भुत कला है, जो समाज का एक आवश्यक अंग बन गया है। एक आकर्षक विज्ञापन या पोस्टर जन साधारण तक संदेश पहुँचाता है।

1. अपने मकान की बिक्री के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए।

बिक्री　　　श्री निवास　　　बिक्री

तीन साल पुराना, पर एकदम नया दिखता!!

- 24X7 बिजली-पानी की सुविधा
- स्वच्छ व हवादार मकान
- कार पार्किंग सहित
- शहर के मध्य में
- 3BHK(1500sq ft)



केवल 70 लाख रुपए!!

संपर्क करें - श्रीराम, 6,रानी झाँसी रोड, नई दिल्ली-1 फोन xxxxxxxxxx

भारत सरकार के टूरिसम विभाग की ओर से एक आकर्षक पोस्टर तैयार कीजिए।



अतुल्य भारत!!

अतिथि देवो भव!

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक

स्वर्गीय भूमि भारत में आपका स्वागत है।

- बढ़िया ठहराव
- स्वस्थ वातावरण
- स्वादिष्ट खाना
- मनोरंजक स्थान
- उचित मूल्य



टूरिसम विभाग, भारत सरकार

## गतिविधि

अंतिम अक्षर से नया शब्द बनाइए

1 रथ → थ___मस → स___ल → लकड़___रा

राजम___ल → ल___कू → कूड़ा___न → नवयु___क

2 रजत → ___ ___ वार → ___ ___ न → ___ ___ रात्रि

त्रि___वन → ___वो___य → ___श___वी → ___रां___ना

___ ___ क → ___ ट___ल → ल___ई → ___मा___दार

# 9. पत्र लेखन - I

**पुस्तकें मँगवाने हेतु पुस्तक विक्रेता को पत्र**

दिनांक: 6 जून, 20XX

प्रेषक

विशाल,

6 गुलाब गली

राम नगर

चेन्नई-1

सेवा में

प्रबन्धक,

राजकमल प्रकाशन,

विजयनगर,

मेरठ-1

विषय: पुस्तकें मँगवाने हेतु आवेदन।

माननीय महोदय,

निवेदन है कि आप निम्नलिखित पुस्तकें वी० पी० पी० द्वारा शीघ्र ही ऊपर लिखित पते पर भेज दें। पुस्तकें भेजते समय इस बात का ध्यान रखें कि कोई पुस्तक कटी-फटी न हो। उचित कटौती भी देने की कृपा करें।

| पुस्तक का नाम | प्रतियाँ |
|---|---|
| रामायण | 6 |
| निर्मला | 5 |
| महाभारत | 8 |

सधन्यवाद।

भवदीय

विशाल

# 10. मकान किराए पर

शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पानी - जल | Water | समस्या - कठिनाई | Problem | घर - मकान | House |
| किराया - भाड़ा | Rent | औरत - महिला | Woman | डर - भय | Fear |



विवेक: क्या मुझे इस मोहल्ले में किराए पर घर मिल सकता है?

अजनबी: आप थोड़ा और आगे जाइए, इसी गली में इकमंज़िला मकान है। वहाँ जाकर पूछताछ कीजिए।

**('टू लेट' (To Let) बोर्ड देखकर दरवाज़ा खटखटाता है)**

विवेक: माँ जी, क्या मुझे किराए पर घर मिलेगा?

औरत: हाँ बेटा, मिलेगा। क्या आप शादीशुदा हैं?

विवेक: जी नहीं, मैं विद्यार्थी हूँ। मैं पढ़ाई कर रहा हूँ।

औरत: अच्छा। क्या आपके पास कोई आईडी कार्ड (ID card) है?

विवेक: जी हाँ, मेरे पास कॉलेज का आईडी कार्ड और आधार कार्ड हैं।

औरत: अच्छा दिखाइए ।

विवेक: क्या आप घर दिखाएँगे?

औरत: हाँ, अंदर आइए। पहली मंज़िल पर है। इसमें एक बेडरूम, एक रसोईघर और एक छोटा हॉल है।

विवेक: इसका किराया कितना होगा और एडवांस कितना देना होगा?

औरत: किराया दस हज़ार रुपये और एडवांस पचास हज़ार रुपये देने होंगे।

विवेक: क्या किराया कम हो सकता है? क्योंकि मैं विद्यार्थी हूँ।

औरत: नहीं बेटा, यह घर बारह हज़ार में देना चाहते थे, पर आप विद्यार्थी हैं, इसलिए दस हज़ार में दे रही हूँ। हम एक अच्छे किरायेदार की खोज में हैं। आप भले और ईमानदार दिखते हैं।

विवेक: जी ज़रूर! यह घर मेरे कॉलेज के पास है, इसलिए मैं यहाँ रहना चाहता हूँ।
और बिजली-पानी की सुविधाएँ..........

औरत: मकान में सभी प्रकार की सुविधाएँ मिलती हैं। 24x7 पानी और बिजली की सुविधाएँ मिलती हैं।

विवेक: ठीक है, मैं कल शाम को अपना सामान लेकर आता हूँ। पानी की कोई समस्या तो नहीं है न? सब्ज़ी की दुकान कहाँ है?

औरत: नहीं बेटा, डरना मत। हमारे घर में बोरवेल (Borewell) से पानी आता है। सभी प्रकार की दुकानें बहुत ही निकट हैं।

विवेक: ठीक है, बहुत-बहुत धन्यवाद।

## अभ्यास

### I वाक्य बनाइए

किराया पूछताछ पानी सामान बिजली

### II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. किसको किराये पर घर चाहिए था?
2. विवेक ने औरत से किस दुकान के बारे में पूछताछ की?
3. विवेक ने घर की किन सुविधाओं के बारे में पूछा?
4. घर में कितने कमरे थे?
5. विवेक कौन है?

### III जोड़े बनाइए

मकान का किराया - किरायेदार

मकान का - बिजली-पानी की सुविधा

24 x 7 - इकमंज़िला

भला और ईमानदार - दस हज़ार रुपए

## IV संवाद लेखन


1. अपने ननिहाल में बिताए दिनों के बारे में मित्र के साथ का संवाद लिखिए।
2. कुछ लोग दोपहिये वाहन का इस्तेमाल करते समय हेलमेट नहीं लगाते, जिससे वे दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। इस विषय को लेकर दो मित्रों के बीच का संवाद लिखिए।

### गतिविधि

निम्न दिए हुए चित्र को देखकर उसका वर्णन 5 वाक्यों में कीजिए।



# 11. सूरज कब निकलेगा - पठित बोध



वेदपुरी नामक राज्य में एक मूर्ख राजा राज करता था, परंतु उसके मंत्री रामानंद बहुत बुद्धिमान, विद्वान और ईमानदार थे। एक दिन राजमहल के छत पर राजा और मंत्री बातें कर रहे थे। अचानक राजा की नज़र दूर बह रही नदी पर पड़ी, तो उसने मंत्री से पूछा, "यह हमारी नदी है न! यह तो पूरब की ओर हमारे शत्रु राज्य में बह रही है। तुरंत उस पर बाँध बनाकर नदी को रोक देना।" मंत्री ने खूब समझाया, पर राजा ने उनकी बात नहीं मानी। सभी घरों में से आदमी बुलाए गए और पाँच ही दिनों में बाँध बनवाया गया। कुछ दिनों बाद ज़ोरों की वर्षा हुई, तो नदी में बाढ़ आ गई और किनारे पर की झोंपड़ियाँ बहने लगीं और चारों ओर हाहाकार मच गया। सभी लोगों ने मंत्रीजी से विनती की और मंत्री ने भी तुरंत उचित प्रबंध करवाने का वादा किया। उन दिनों हर 60 मिनट पर घंटीवाला एक, दो, तीन... करके घंटी बजाया करता था, जो पूरे राज्य में सुनाई देती थी और उसी समय के अनुसार लोग अपने कार्य करते थे। रात में जब राजा सहित सभी लोग गहरी नींद सो गए, मंत्री ने घंटीवाले से हर आधे घंटे के लिए घंटी बजाने की आज्ञा दी। ऐसा ही किया गया और रात में ठीक एक बजे पाँच बजाए गए, तो सब उठे और अपनी दिनचर्या शुरू की। बहुत देर होने के बाद भी सूरज नहीं निकला, तो सब डर गए। राजा ने मंत्री को बुलाकर सूरज न निकलने का कारण पूछा। मंत्री ने बड़े विनय के साथ कहा, "महाराज! हमने अपनी नदी रोक ली। सूरज पूरब से ही निकलता है, अतः हमारे शत्रु राजा ने सूरज को रोक लिया है जो उनके राज्य से निकलता है।" राजा ने डरकर आज्ञा दी कि तुरंत बाँध तोड़ दिया जाए। सब लोग बाँध तोड़ने में जुट गए। जैसे ही काम पूरा हुआ, सूरज भी सही समय पर निकला और राजा ने खुश होकर मंत्री की प्रशंसा की। सभी लोगों ने मंत्री जी का धन्यवाद किया।

गद्यांश के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए।

**1. मूर्ख राजा के राज्य का क्या नाम था?**

सोमपुरी | चन्द्रपुरी | वेदपुरी

**2. नदी किस ओर बह रही थी?**

पूरब की ओर | पश्चिम की ओर | उत्तर की ओर

**3. नदी को शत्रु राज्य की ओर बहते देख राजा ने क्या आज्ञा दी?**

नदी पर बाँध बनवाने की | बाँध तोड़ने की | महल बनवाने की

**4. कितने दिनों में बाँध बनवाया गया था?**

पाँच दिनों में | सात दिनों में | दस दिनों में

**5. घनघोर वर्षा के कारण क्या हुआ?**

नदी में बाढ़ आ गई | सब भीग गए | फसल नष्ट हो गई

**6. घंटीवाला कितने मिनटों में घंटी दिया करता था?**

30 मिनटों में | 60 मिनटों में | 40 मिनटों में

**7. मंत्री की आज्ञा के अनुसार कितने बजे पाँच बजाए गए?**

रात दो बजे | रात दस बजे | रात एक बजे

**8. राजा को सूरज के विषय में क्या बताया गया?**

शत्रुओं ने सूरज को रोक लिया | शत्रुओं ने सूरज को छिपा दिया | शत्रुओं ने सूरज को बाँध लिया

**9. बाँध को किसने तोड़ा?**

राजा ने | मंत्री ने | लोगों ने

**10. इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है?**

बुद्धिमता से असंभव को भी संभव कर सकते हैं

बुद्धिमता से संभव को भी असंभव कर सकते हैं

बुद्धिमता से असंभव को असंभव कर सकते हैं

# 12. अनुवाद-II

| | |
|---|---|
| 1. My sister can drive a car. | मेरी बहन कार चला सकती है। |
| 2. Please say something. | कृपया कुछ बोलिए। |
| 3. Ram can speak several languages. | राम अनेक भाषाएँ बोल सकता है। |
| 4. I can do this work by myself. | मैं यह काम खुद कर सकता हूँ। |
| 5. I have seen that boy. | मैंने उस लड़के को देखा है। |
| 6. He can swim across the lake. | वह तैरकर झील पार कर सकता है। |
| 7. They can understand what we are saying. | हम जो बोलते हैं, उसे वे समझ सकते हैं। |
| 8. I cannot drink hot tea. | मैं गरम चाय पी नहीं सकता। |
| 9. My grandmother cannot walk up the stairs. | मेरी दादी सीढ़ियाँ नहीं चढ़ सकती। |
| 10. We can see the mountain top from here. | हम यहाँ से पर्वत-शिखर देख सकते हैं। |
| 11. We have bought a laptop. | हमने एक लैपटॉप खरीदा है। |
| 12. She hasn't slept since yesterday. | वह कल रात से नहीं सोयी है। |
| 13. They have written two lessons. | उन्होंने दो पाठ लिखे हैं। |
| 14. My brother has not eaten anything. | मेरे भाई ने कुछ नहीं खाया। |
| 15. The baby has broken the glass. | बच्चे ने गिलास तोड़ दिया। |

# 13. मुहावरे-II

**परिभाषा** - मुहावरा एक ऐसा वाक्यांश है जिसका वाक्य में प्रयोग किए जाने पर विशेष अर्थ प्रकट होता है। इससे भाषा आकर्षक, प्रभावपूर्ण तथा रोचक बन जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| तीर मारना | - | बड़ा काम करना |
| चादर तानकर सोना | - | निश्चिंत रहना |
| अंगारों पर पैर रखना | - | जोखिम का काम करना |
| गले का हार | - | बहुत प्यारा |
| दबे पाँव आना | - | छुपके से आना |
| घोड़े पर सवार होना | - | जल्दी में होना |
| अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना | - | जानबूझकर मुसीबत में पड़ना |
| दुम दबाकर भागना | - | भयभीत होना |

## गतिविधि

चित्र देखकर सही मुहावरे से वाक्यों की पूर्ति कीजिए।



डॉक्टर की नौकरी पाकर रोहित ने बहुत बड़ा ________________ ________________________________________।



पुलिस के आते ही चोर ________________________________ ________________________________________ लगा।



रोशन के साथ संगति मत करो। तुम तो ____________________
_____________________________________ रख रहे हो।



राम तो मेरे ______________________________________________
_____________ है, वह मेरे साथ ऐसा नहीं कर सकता।



माँ की आँखों से बचने के लिए राजा अंदर ____________________
________________________________________ आया।



थोड़ी देर तो रुकिए, मैं अभी आ रहा हूँ। आप क्यों ____________
____________________________________ कर रहे हैं?




पेड़ों को काट-काटकर हम अपने ही ________________________
_________________________ रहे हैं।



कल परीक्षा है, पर राम ______________________ ____________________________ रहा है।

## गतिविधि

चित्र को ध्यान से देखकर उसका वर्णन दिए हुए शब्दों के सहारे कीजिए।



(मक्खी पंखा मूर्खता कमरे मित्रों मार कोशिश बंदर सेवा हथौड़ी नाक गुस्सा पास विश्वास नींद )

जमनालाल एक ______________ को बहुत प्यार से पालते थे। वे उसे हमेशा अपने ___________ ही रखते थे। बंदर भी उनकी ______________ अच्छी तरह से करता था। मित्रों ने चेतावनी दी, "वह तो जानवर है, उस पर इतना ______________ मत करो।" परंतु उन्होंने अपने ______________ की बात नहीं मानी। एक दिन वे गहरी ______________ में सो रहे थे। बंदर उनके लिए ______________ चला रहा था। बंदर ने देखा कि एक ______________ जमनालाल की ______________ पर बैठी है, तो उसने उस मक्खी को भगाने की ______________ की। पर मक्खी टस से मस न हुई। बंदर को ______________ आ गया। वह दूसरे ______________ से एक ______________ लाया और उनकी नाक पर ज़ोर से एक ______________ दी। मक्खी तो उड़ गई, पर उनकी नाक का भुरता बन गया। वे अपनी ______________ पर पछताने लगे।

# 14.महाविद्यालय में पहला दिन

शब्दार्थ

भवन - सदन Building शुरू - आरंभ Beginning शंका - संदेह Doubt

महाविद्यालय - कॉलेज College विद्यार्थी - छात्र Student




माँ: राम! तैयार हो गया?

राम: हाँ माँ! एक मिनट में आ रहा हूँ।

दादाजी: राम! आज कॉलेज का पहला दिन है न?

राम: हाँ दादाजी! आशीर्वाद दीजिए। दादीजी कहाँ हैं?

दादाजी: सुशीला! जल्दी आओ। हमारा पोता कॉलेज के लिए निकल रहा है।

दादीजी: आ गई, आ गई। मैं राम के लिए प्रार्थना कर रही थी।

(राम अपने दादाजी, दादीजी, माताजी और पिताजी से आशीर्वाद लेता है।)

पिताजी: सुखी रहो बेटे! तुम तो मेहनती हो। तुम पर पूर्ण विश्वास है।

माताजी: संगति भी अच्छी होनी है बेटा !

राम: माँ! मैं आपका पुत्र हूँ। चिंता मत कीजिए।

(राम कॉलेज में प्रवेश करता है। कार्यालय जाकर क्लर्क से पूछताछ करता है।)

राम: जी! नमस्ते!

क्लर्क: नमस्ते! बोलिए। क्या चाहिए आपको?

राम: मेरी इस कॉलेज में भरती हुई है। यह लीजिए, एडमिशन लैटर।

क्लर्क: ओह! आप ने बी.टेक ईसीई (B.Tech ECE) ली है न?

राम: हाँ जी! मेरी कक्षा कहाँ है?

क्लर्क: पाँच मिनट रुकिए। आपको पहचान पत्र (ID Card) देते हैं। आपकी कक्षा सामनेवाले 'नालंदा भवन' में है।

राम: कितने बजे कक्षा शुरू होगी?

क्लर्क: आज से तीन दिनों के लिए ओरियंटेशन (Orientation) ही चलेगा। यह पहचान पत्र लीजिए। प्रवेश द्वार पर बयोमेट्रिक स्कैनर (Biometric Scanner) होगा। अपना पहचान पत्र दिखाकर अंदर जा सकते हैं।

राम: जी, मेरे प्रॉक्टर कौन हैं?

क्लर्क: प्रो.विक्रम (Professor Vikram) हैं। आप उनसे मिलिए।

राम: धन्यवाद जी।

(प्रॉक्टर के कमरे में... ... ... . वहाँ तीन छात्र बैठे हैं।)

राम: नमस्ते जी!

प्रॉक्टर: नमस्ते! बेटा, आपका नाम?

राम: मेरा नाम राम है।

प्रॉक्टर: अच्छा। ओरिएंटेशन के बाद सोमवार से विषयगत कक्षाएँ शुरू होंगी। सुबह आठ बजे कक्षाएँ शुरू होती हैं। हर कक्षा में अटेंडेंस (Attendance) लिया जाएगा।

राघव: जी! शाम को कितने बजे तक कक्षाएँ चलती हैं?

प्रॉक्टर: शाम को चार बजे तक चलती हैं।

राघव: जी! मुझे एक शंका है। मैं कॉलेज बस से आ रहा हूँ। बस शाम को कितने बजे निकलेगी?

प्रॉक्टर: शाम को पौने पाँच (4:45 PM) बजे पहली बस निकलती है और खेल अभ्यास करनेवाले छात्रों के लिए दूसरी बस साढ़े पाँच (5:30 PM) बजे निकलती है।

राघव: जी! क्या यहाँ कैंटीन की सुविधा है?

प्रॉक्टर: हाँ, हाँ ! सुबह साढ़े सात बजे (7:30 AM) से शाम को छः बजे तक सभी प्रकार के

खाद्य पदार्थ मिलेंगे। ध्यान रखिए, कक्षा में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। कक्षा पूरा होने के बाद आप जा सकते हैं। अटेंडेंस कम पड़ने पर आप परीक्षा लिख नहीं पाएँगे।

पवन: हाँ, जी।

अजय: जी! मैं बंगलूरु से हूँ, हॉस्टल में ठहरनेवाला हूँ। क्या शाम को छः बजे के बाद खाना नहीं मिलेगा?

प्रॉक्टर: नहीं, नहीं! वह तो डे स्कालर्स के लिए है। हॉस्टलर के लिए सुबह पाँच (5:00 AM) बजे दूध-कॉफी से लेकर रात को सवा दस (10:15 PM) तक भोजन मिलेगा।

राम: जी! क्या मुझे भी हॉस्टल में भर्ती मिलेगी?

प्रॉक्टर: आप कहाँ से आ रहे हैं?

राम: मैं तो इसी शहर का हूँ, पर घर यहाँ से पच्चीस किलो मीटर दूर है।

प्रॉक्टर: नहीं बेटा! चालीस किलो मीटर से अधिक दूर से आनेवाले ही हॉस्टल में ठहर सकते हैं।

पवन: जी, मैं दिल्ली से आ रहा हूँ। हॉस्टल के कमरे में कितने लोग ठहर सकते हैं? बिजली-पानी की सुविधा तो होगी न?

प्रॉक्टर: कमरे में चार लोग ठहर सकते हैं। चौबीस घंटे बिजली-पानी की सुविधा होगी। चिंता मत कीजिए। लांड्री की सुविधा भी है। ठीक है, अब चलें, समय हो गया है। जो भी शंका है, मुझसे पूछ सकते हैं। ध्यान रखिए, नियमों का ठीक से पालन करने पर आप सार्थक विद्यार्थी बन पाएँगे।

छात्र: हाँ जी। अवश्य ! धन्यवाद महोदय।

## अभ्यास

### I वाक्य बनाइए

अधिक ठहरना मिलना प्रार्थना अनिवार्य

### II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. राम कैसे स्वभाव का लड़का है?
2. राम की कक्षा कहाँ है?
3. कौन-कौन हॉस्टल में ठहरने वाले हैं?
4. हॉस्टलर के लिए क्या-क्या सुविधाएँ दी जाती हैं?
5. परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए क्या करना पड़ता है?

### III जोड़े बनाइए

| | | |
|---|---|---|
| सार्थक विद्यार्थी | - | एक कमरे में ठहराव |
| प्रवेश | - | अच्छी हो |
| चार छात्र | - | नियमों के पालन करनेवाला |
| संगति | - | पहचान पत्र से |

### IV संवाद लेखन

1. अपनी भविष्य योजना के बारे में पिताजी के साथ किए संवाद को लिखिए।
2. ट्रैफिक समस्या पर दो मित्रों के साथ का संवाद लिखिए।

### V रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. तुम पर __________ विश्वास है।
2. कमरे में __________ लोग ठहर सकते हैं।
3. अपना __________ दिखाकर अंदर जा सकते हैं।
4. सुबह __________ कक्षाएँ शुरू होती हैं।
5. चौबीस घंटे __________ की सुविधा होगी।

# 15. पोस्टर व विज्ञापन रचना-II

पोस्टर व विज्ञापन रचना आधुनिक युग में प्रचार-प्रसार के लिए बहुत ही उपयोगी और अनिवार्य माध्यम सिद्ध हुआ है। किसी वस्तु की पूर्ण जानकारी देने हेतु, किसी उत्पाद की बिक्री बढ़ाने हेतु या किसी विषय के बारे में लोगों के मन में जागरण पैदा करने के लिए पोस्टर/विज्ञापन का प्रयोग किया जाता है। यह एक अद्भुत कला है, जो समाज का एक आवश्यक अंग बन गया है। एक आकर्षक विज्ञापन या पोस्टर जन साधारण तक संदेश पहुँचाता है।

'मंगल चाय' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए

मंगल चाय

दिन की शुरुआत मंगल चाय के साथ

ताज़गी भी!



स्वाद भी!

मज़ेदार व मनोरंजक

विभिन्न फ्लेवर्स में

एक बार पिएँगे, तो बार-बार चाहेंगे!!

250 ग्राम केवल रु90/-

संपर्क करें - मंगल चाय, 6 राम गली, आनंद नगर, नई दिल्ली -1

'प्लास्टिक' का उपयोग न करने हेतु एक पोस्टर बनाइए।

खतरनाक प्लास्टिक

प्लास्टिक सड़ता नहीं! गलता नहीं!

सालों पड़ा रहता! भूमि को नष्ट कर देता!



प्लास्टिक रहित दुनिया का निर्माण करेंगे!


आगामी पीढ़ी के लिए कुछ तो बचाकर रखें!!

## गतिविधि

ये भी जान लें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| परिसर | - CAMPUS | शिविर | - CAMP |
| प्रांगण | - QUADRANGLE | प्रवेश शुल्क | - ADMISSION FEE |
| आवेदक | - APPLICANT | परियोजना | - PROJECT |
| राष्ट्रीय | - NATIONAL | कार्यशाला | - WORKSHOP |
| अंतर्राष्ट्रीय | - INTER NATIONAL | भुगतान | - PAYMENT |
| सर्वसाधारण | - GENERAL PUBLIC | समिति | - COMMITTEE |

# 16. पत्र लेखन-II



अपने मोहल्ले में बारिश के कारण पानी भर गया है, उसे हटाने के लिए नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखिए:

दिनांक: 15 जुलाई, 202X
प्रेषक
अशोक,
4 गुलाब गली,
मोती नगर,
चेन्नई-17

सेवा में,
नगरपालिका अधिकारी,
चेन्नई नगर निगम,
चेन्नई-22

विषय: जलभराव समस्या के संदर्भ में।
माननीय महोदय,

हम मोती नगर के निवासी हैं। हमारे मोहल्ले में पिछले कई दिनों से बारिश का पानी भरा हुआ है। उसमें पल रहे मच्छरों के कारण डेंगू-मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियाँ फैल रही हैं। हमारा आना-जाना मुश्किल हो गया है। अतः आपसे अनुरोध है कि तुरंत उचित कदम उठाए जाएँ।

धन्यवाद।
भवदीय,
अशोक

# 17. व्याकरण

## I लिंग बदलिए

| **लिंग बदलिए** (TERM I) | **लिंग बदलिए** (TERM II) |
|---|---|
| 1. सम्राट - सम्राज्ञी | 16. आयुष्मान - आयुष्मती |
| 2. ससुर - सास | 17. बकरा - बकरी |
| 3. सुत - सुता | 18. चिड़ा - चिड़िया |
| 4. मज़दूर - मज़दूरनी | 19. चूहा - चुहिया |
| 5. गुरु - गुरुआइन | 20. डिब्बा - डिबिया |
| 6. संन्यासी - संन्यासिनी | 21. सिंह - सिंहनी |
| 7. यशस्वी - यशस्विनी | 22. हाथी - हथिनी |
| 8. देवर - देवरानी | 23. ऊँट - ऊँटनी |
| 9. वीर - वीरांगना | 24. शेर - शेरनी |
| 10. नायक - नायिका | 25. घोड़ा - घोड़ी |
| 11. याचक - याचिका | 26. बंदर - बंदरिया |
| 12. वृद्ध - वृद्धा | 27. गाय - बैल |
| 13. भवदीय - भवदीया | 28. मोर - मोरनी |
| 14. महोदय - महोदया | 29. हंस - हंसनी |
| 15. दर्शक - दर्शिका | 30. भैंस - भैंसा |

## II वचन बदलिए

| **वचन बदलिए** (TERM I) | **वचन बदलिए** (TERM II) |
|---|---|
| 1. दिशा - दिशाएँ | 16. पुस्तक - पुस्तकें |
| 2. पोता - पोते | 17. झोंपड़ी - झोंपड़ियाँ |
| 3. क्रिया - क्रियाएँ | 18. गली - गलियाँ |
| 4. कंधा - कंधे | 19. बीमारी - बीमारियाँ |
| 5. कलम - कलमें | 20. फौज - फौजें |
| 6. प्रतियोगिता - प्रतियोगिताएँ | 21. गाय - गायें |
| 7. घड़ी - घड़ियाँ | 22. लता - लताएँ |
| 8. पर्चा - पर्चे | 23. माला - मालाएँ |
| 9. दवाई - दवाइयाँ | 24. ऋतु - ऋतुएँ |
| 10. मुसीबत - मुसीबतें | 25. बहु - बहुएँ |
| 11. परीक्षा - परीक्षाएँ | 26. रीति - रीतियाँ |
| 12. बगीचा - बगीचे | 27. नारी - नारियाँ |
| 13. तरीका - तरीके | 28. कुटिया - कुटियाँ |
| 14. थैली - थैलियाँ | 29. छात्र - छात्रगण |
| 15. दरवाज़ा - दरवाज़े | 30. पाठशाला - पाठशालाएँ |

## III विलोम शब्द

| विलोम शब्द (TERM I) | विलोम शब्द (TERM II) |
|---|---|
| 1. नाम x बेनाम | 16. खुला x बंद |
| 2. दयालु x निर्दय | 17. हिंसा x अहिंसा |
| 3. सक्षम x अक्षम | 18. मेहनती x आलसी |
| 4. प्रकाश x अंधकार | 19. जय x पराजय |
| 5. आदि x अनादि | 20. धूप x छाया |
| 6. प्राचीन x नवीन | 21. पाना x खोना |
| 7. सज्जन x दुर्जन | 22. गीला x सूखा |
| 8. सफल x असफल | 23. चतुर x मूर्ख |
| 9. न्याय x अन्याय | 24. नाथ x अनाथ |
| 10. शुद्ध x अशुद्ध | 25. सम्मान x अपमान |
| 11. कच्चा x पक्का | 26. सस्ता x महँगा |
| 12. असली x नकली | 27. शुभ x अशुभ |
| 13. सुबह x शाम | 28. सौभाग्य x दुर्भाग्य |
| 14. आरंभ x अंत | 29. सुंदर x कुरूप |
| 15. खाली x भरा | 30. आदर x अनादर |

# काल

परिभाषा:

क्रिया के जिस रूप से उसके होने / करने के समय का बोध होता है, उसे काल कहते हैं।

क्रिया के मुख्य भेद

- भूतकाल
- वर्तमान काल
- भविष्य काल

1.भूतकाल (क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय का बोध हो, उसे भूतकाल कहते हैं)

a. माधव ने दूध पिया।

b. पिताजी स्टेशन पहुँचे।

c. बालक चला गया।

d. दादाजी घर आए।

2. वर्तमान काल - (क्रिया के जिस रूप से बीत रहे समय का बोध हो, उसे वर्तमान काल कहते हैं)

a. रमा पाठ पढ़ती है।

b. किसान खेत में काम कर रहे हैं।

c. माताजी गाना गा रही हैं।

d. राम अब शांत बैठा है।

3.भविष्य काल - (क्रिया के जिस रूप से होने वाले समय का बोध हो, उसे भविष्य काल कहते हैं)

a. मामाजी कल आएँगे।

b. मैं कल यह काम पूरा करूँगा।

c. आप कब आएँगे?

d. राधा पाठ लिखेगी।

## अभ्यास

I क्रियाओं के उचित रूप से खाली जगह भरिए।

1. राघवी फल तोड़ -----------। (गई / रही है)
2. राम कविता ------------। (सुनाएगा / सुनाऊँगा)
3. सीता ने गाना ----------। ( गाया / गाई)
4. अध्यापक ने पाठ ------------। ( पढ़ाएँगे / पढ़ाया )
5. बालिका अभी-अभी -----------। (आई / आ गया )
6. बच्चा दादाजी के साथ -----------। ( घूमने गया / घूमकर आए)
7. आज शाम को मैं ज़रूर ------------।(आएँगी / आऊँगी)
8. मैंने यह काम --------------।( किया / करूँगा)
9. नीरजा खीर -----------। (बनाया / बना रही है)
10. वे मंदिर ---------। (जाता है / जाते हैं)
11. हम बचपन में सुबह जल्दी --------। (उठते थे / उठेंगे)
12. वह नदी में तैर ----------। (सकता है / सकूँगा)
13. थक जाने से मैं लिख नहीं ------------। (सकोगे / सका)
14. गाड़ी न मिलने के कारण हम वहाँ देर से ----------। (पहुँचे / आए)
15. बच्चे मैदान में ---------------। ( खेला / खेलते हैं)
16. पुलिस ने चोर को ------------। (पकड़ा / पकड़ा गया)
17. लड़कों ने कमरा -----------। (साफ़ करते हैं / साफ़ किया)
18. तुम कब ------------ ( आएगा / आओगे)
19. राम प्रतिदिन व्यायाम ----------- ( करोगे / करता है)
20. बच्चा खाना खाकर --------- ( सोएँगे / सो गया)

# आंतरिक मूल्यांकन (INTERNAL ASSESSMENT)

**निर्देश**

- **दो / दो से पाँच तक के बच्चों का समूह निम्न दिए हुए निर्देशों में से किसी एक के आधार पर 5 मिनट का वीडियो बना सकता है।**

(a) **आंतरिक मूल्यांकन** के अंतर्गत दिए हुए शीर्षक के आधार पर

(b) पिछली कक्षाओं में पढ़े पाठों के आधार पर

(c) प्रस्तुत पाठ्यक्रम में वार्तालाप रूपी पाठ के अंत में दिए हुए **'संवाद लेखन'** के आधार पर वीडियो बनाया जा सकता है।

- यदि बच्चों का समूह 5 हो, तो हर छात्र के लिए 1 मिनट का समय दिया जा सकता है।
- छात्र बिना गलतियों के, सरल रूप से बातचीत करने की कोशिश करें।
- छात्र वीडियो में किसी प्रादेशिक भाषा या अपनी मातृभाषा में सब टाइटल (SUBTITLE) दे सकते हैं।
- वीडियो बनाने के बाद छात्र मूल्यांकन हेतु अपने अध्यापक को भेज दें।
- **मूल्यांकन बिंदु** उच्चारण विषय प्रस्तुतीकरण समय

Guidelines for Internal Assessment:

- A group of 2 to 5 students can collaboratively make a video for the duration of 5 minutes on any one of the following:

(a) Topics given under INTERNAL ASSESSMENT

(b) Any topic learnt from their previous classes

(c) Topics given under 'संवाद लेखन' (SAMVAD LEKHAN) at the end of the Dialogue-Based Lessons in the text.

- If the group is of 5 members, then the time duration will be 1 minute per student.
- Students should ensure that they deliver their dialogues flawlessly and effortlessly.

- During the dialogue delivery, **SUBTITLES** may be given in any regional language including mother tongue.
- The video should be sent to the subject teacher within the stipulated time frame for assessment.
- **PARAMETERS:** Diction Content Presentation Duration

## आंतरिक मूल्यांकन (INTERNAL ASSESSMENT)

Term I

- स्वदेशी चीज़ों के महत्त्व पर दादाजी और पोते/पोती के बीच का संवाद प्रस्तुत कीजिए।
- Enact a conversation that takes place between a grandfather and a grandson/daughter emphasizing on the importance of Swadeshi products.

Term II

- खेलों के महत्त्व के संदर्भ में मित्रों के बीच का संवाद लिखिए।
- Enact a conversation that takes place between a group of friends on the importance of sports and games.

# SAMPLE PAPER 1

PORTIONS: 1.ईश्वर कहाँ हैं? 2.हवाई जहाज़ की यात्रा 3.डॉक्टर की लिखावट 4.ईंट का जवाब पत्थर से 5.अनुवाद-I 6.मुहावरे-I 7.गिनती (1-40) 8.विज्ञापन&पोस्टर लेखन -I 9.पत्र लेखन-I 10.RECAP I 11.व्याकरण( Term 1) 12.संभाषण ( Term 1)

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : VIII HINDI LANGUAGE III TIME: 1½ HRS

DATE: MAX MARKS: 50

**1. अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 2)** **2X1=2**

सात चौबीस बत्तीस

**2. अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

विचार सम्मान कर्मचारी

**3. वाक्य बनाइए (कोई 4)** **4X1=4**

सुबह हाथ सुंदर समय चिंता

**4. सही मिलान कीजिए** **5X1=5**

a.कलश - Auditorium

b.रंगा सियार - शुरू करना

c.हाथ डालना - Editor

d.सभा मंडप - ढोंगी

e.संपादक - दूध

**5. लिंग बदलिए** **2X1=2**

याचक ससुर

**6. वचन बदलिए** **2X1=2**

कंधा दवाई

**7. विलोम शब्द लिखिए** **2X1=2**

प्रकाश प्राचीन

**8. क्रियाओं के उचित रूप से खाली जगह भरिए। 2X1=2**

a. सीता ने गाना ________ (गाया /गई)

b. नीरजा खीर _______ (बनाया/बना रही है)

**9. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई 4) 4X1=4**

a.सब लोग _____________ में डूब गए।

b.थैली _____________ आमों से भरी हुई थी।

c.राजा ने _____________ को अपने सिंहासन पर बिठाया।

d.उसने चुपचाप सारा कचरा एक _____________ में इकट्ठा कर लिया।

e.एअर इंडिया फ्लाइट के प्रतीक्षा _____________ पर जाकर बैठिए।

**10. सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4) 4X1=4**

a. राकेश ने डॉक्टर को क्यों बुलाया था?

भोजन करने हेतु इलाज करवाने हेतु जन्मदिन मनाने हेतु

b. राकेश डॉक्टर का पर्चा लेकर कहाँ गए?

पड़ोसी के पास कंपाउंडर के पास मित्र के पास

c. पर्चा देखकर कंपाउंडर ने क्या दिया था?

मिठाई दवाई उपदेश

d. डॉक्टर ने राकेश को क्या भेजा था?

पत्र उपहार पर्चा

e. 'चैन की साँस लेना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। ___

घबराना क्रोधित होना निश्चिंत होना

**11. पत्र लेखन (कोई 1) 1X4=4**

a. पुस्तकें मँगवाने हेतु पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखिए ।

b. फर्नीचर मँगवाने हेतु फर्नीचर विक्रेता को पत्र लिखिए।

**12. विज्ञापन या पोस्टर लेखन ( कोई 1) 1X4=4**

a. अपने मकान की बिक्री के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए।

b. भारत सरकार के टूरिसम विभाग की ओर से एक आकर्षक पोस्टर तैयार कीजिए।

**13. हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. What do you want?

b. Why did you forget?

c. When did you eat mango?

d. Which is your book?

e. Have you prepared for the examination?

**14. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. आप कहाँ गए?

b. आपकी फ्लाइट कितने बजे की है?

c. आप कब आएँगे?

d. आप पढ़ने के लिए कहाँ जाते हैं?

e. प्रश्नपत्र बहुत आसान था।

**15. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** **5X1=5**

a. राजा ने कितने प्रश्न किए?

b. किशोर का बगीचा कैसा था?

c. सोहन किस माध्यम से यात्रा कर रहा था?

d. चंद्रसेन किस देश के राजा थे?

e. किशोर ने क्या खरीदा?

f. शरीर के किन्हीं दो अंगों के नाम लिखिए।

## SAMPLE PAPER 2

PORTIONS: 1.मकान किराए पर 2.सूरज कब निकलेगा 3.महाविद्यालय में पहला दिन 4.अनुवाद-II 5.मुहावरे-II 6.गिनती (41-80) 7.विज्ञापन & पोस्टर लेखन-II 8.पत्र लेखन-II 9.RECAP II 10.व्याकरण(Term II) 11.संभाषण(Term II)

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : VIII HINDI LANGUAGE III TIME: 1½ HRS

DATE: MAX MARKS: 50

**1. अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 2)** **2X1=2**

चौवालीस सत्तर छप्पन

**2. अंग्रेज़ी में शब्दार्थ लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

पानी शुरू घर

**3. वाक्य बनाइए (कोई 4)** **4X1=4**

अधिक पूछताछ बिजली प्रार्थना सामान

**4. सही मिलान कीजिए** **5X1=5**

a. गले का हार - Project

b. दबे पाँव आना - बहुत प्यारा

c. आवेदक - पहचान पत्र से

d. प्रवेश - छुपके से आना

e. परियोजना - Applicant

**5. लिंग बदलिए** **2X1=2**

शेर चूहा

**6. वचन बदलिए** **2X1=2**

बीमारी लता

**7. विलोम शब्द लिखिए** **2X1=2**

धूप सस्ता

**8. क्रियाओं के उचित रूप से खाली जगह भरिए।** **2X1=2**

a. पुलिस ने चोर को _______ (पकड़ा /पकड़ गया)

b. वे मंदिर _______ (जाता है/ जाते हैं)

**9. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. तुम पर __________ विश्वास है।

b. कमरे में __________ लोग ठहर सकते हैं।

c. अपना __________ दिखाकर अंदर जा सकते हैं।

d. सुबह __________ कक्षाएँ शुरू होती हैं।

e. चौबीस घंटे _________ की सुविधा होगी।

**10. सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. नदी किस ओर बह रही थी?

पूरब की ओर    पश्चिम की ओर    उत्तर की ओर

b. कितने दिनों में बाँध बनवाया गया था?

पाँच दिनों में    सात दिनों में    दस दिनों में

c. मंत्री की आज्ञा के अनुसार कितने बजे पाँच बजाए गए?

रात दो बजे    रात दस बजे    रात एक बजे

d.बाँध को किसने तोड़ा?

राजा ने    मंत्री ने    लोगों ने

e.मूर्ख राजा के राज्य का क्या नाम था?

सोमपुरी    चन्द्रपुरी    वेद्पुरी

**11. पत्र लेखन (कोई 1)** **1X4=4**

a. अपने मोहल्ले में बारिश के कारण पानी भर गया है, उसे हटाने के लिए नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखिए।

b. अपने मोहल्ले में नई स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखिए।

**12. विज्ञापन या पोस्टर लेखन ( कोई 1)** **1X4=4**

a. 'मंगल चाय' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन बनाइए।

b. 'प्लास्टिक' का उपयोग न करने हेतु एक पोस्टर बनाइए।

**13. हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. I cannot drink hot tea.

b. He can swim across the lake.

c. I have seen that boy.

d. Please say something.

e. May I speak to him?

**14. अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. मेरी दादी सीढ़ियाँ नहीं चढ़ सकती।

b. हमने एक लैपटॉप खरीदा है।

c. वह कल रात से नहीं सोई है।

d. बच्चे ने गिलास तोड़ दिया।

e. नमस्ते ! वे बाहर गए हैं।

**15. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** **5X1=5**

a. राम की कक्षा कहाँ है?

b. विवेक ने औरत से किस दुकान के बारे में पूछताछ की?

c. परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए क्या करना पड़ता है?

d. घर में कितने कमरे थे?

e. किन्हीं दो दालों के नाम लिखिए।

f. हॉस्टल के लिए क्या - क्या सुविधाएँ दी जाती हैं?

# SAMPLE PAPER 3

PORTIONS:

| | | |
|---|---|---|
| 1.ईश्वर कहाँ हैं? | 2.हवाई जहाज़ की यात्रा | 3.डॉक्टर की लिखावट |
| 4.ईंट का जवाब पत्थर से | 5.मकान किराये पर | 6.सूरज कब निकलेगा |
| 7.महाविद्यालय में एक दिन | 8.अनुवाद-I & II | 9.मुहावरे-I & II |
| 10.गिनती (1-80) | 11.विज्ञापन&पोस्टर लेखन-I&II | 12. पत्र लेखन-I & II |
| 13.RECAP-I & II | 14.व्याकरण(Term I & II) | 15.संभाषण(Term I & II) |

NOTE: 'शब्दार्थ' from the above-mentioned lessons (ENGLISH MEANINGS ONLY), all the exercises given at the end of the lessons & objective questions from 'गतिविधि' (Activities) will be tested for Written Examination.

CLASS : VIII HINDI LANGUAGE III TIME: 1½ HRS

DATE: MAX MARKS: 50

**1. अंग्रेज़ी अंकों में लिखिए (कोई 2)** **2X1=2**

आठ तेईस बयालीस

**2. अंग्रेज़ी में अर्थ लिखिए (कोई 2)** **2x1=2**

वृद्ध विशाल शंका

**3. वाक्य बनाइए (कोई 4)** **4X1=4**

सामान चिढ़ाना घड़ी यात्री बिजली

**4.सही मिलान कीजिए** **5X1=5**

a. घड़ों पानी पड़ना - Workshop

b. बेराह चलना - अच्छी हो

c. कार्यशाला - उचित कार्य न करना

d. प्रतियोगिता - लज्जित होना

e. संगति - Competition

**5. लिंग बदलिए** **2X1=2**

देवर ऊँट

**6. वचन बदलिए** **2X1=2**

परीक्षा कुटिया

**7. विलोम शब्द लिखिए** **2X1=2**

सफल खुला

**8. क्रियाओं के उचित रूप से खाली जगह भरिए।** **2X1=2**

a. बालिका अभी-अभी __________। (आई /आ गया)

b. मैंने यह काम ________। (किया /करूँगा)

**9. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. दादाजी की तबीयत ________________ नहीं है।

b. मैं ________________ पर पहुँच जाऊँगा।

c. उसने चुपचाप सारा कचरा एक ________________ में इकट्ठा कर लिया।

d. तुम पर _________ विश्वास है।

e. आपका एअर इंडिया के फ्लाइट में ________________ है।

**10.सही विकल्प चुनकर लिखिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. डॉक्टरों की लिखावट के बारे में क्या कहा जाता है?

सब पढ़ सकते हैं डॉक्टर ही पढ़ सकते हैं शिक्षक भी पढ़ सकते हैं

b. मूर्ख राजा के राज्य का क्या नाम था?

सोमपुरी चन्द्रपुरी वेद्पुरी

c. डॉक्टर दिल्ली से कब वापस आए?

दो दिन बाद तीन दिन बाद चार दिन बाद

d. घनघोर वर्षा के कारण क्या हुआ?

नदी में बाढ़ आ गई सब भीग गए फसल नष्ट हो गई

e. मंत्री की आज्ञा के अनुसार कितने बजे पाँच बजाए गए?

रात दो बजे रात दस बजे रात एक बजे

**11.पत्र लेखन (कोई 1)** **1X4=4**

a. पुस्तकें मँगवाने हेतु पुस्तक विक्रेता को पत्र लिखिए ।

b. अपने मोहल्ले में बारिश के कारण पानी भर गया है, उसे हटाने के लिए नगरपालिका अधिकारी को पत्र लिखिए।

**12.विज्ञापन या पोस्टर लेखन ( कोई 1)** **1X4=4**

a. अपने मकान की बिक्री के लिए एक आकर्षक विज्ञापन दीजिए।

b. भारत सरकार के टूरिसम विभाग की ओर से एक आकर्षक पोस्टर तैयार कीजिए।

**13. हिंदी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. Please say something.

b. How much do you want?

c. I have seen that boy.

d. What time is your flight?

e. When will he be back?

**14.अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (कोई 4)** **4X1=4**

a. आप कितने बजे उठे?

b. आप क्यों रोते हैं?

c. बच्चे ने गिलास तोड़ दिया।

d. हम यहाँ से पर्वत-शिखर देख सकते हैं।

e. वे दस मिनट में आ जाएँगे।

**15.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई 5)** **5X1=5**

a. मंत्री जी ने उत्तर देने हेतु कितना समय माँगा?

b. सोहन कहाँ जा रहा था?

c. किशोर पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करता था?

d. किन्हीं दो अनाजों के नाम लिखिए।

e. विवेक कौन है?

f. हॉस्टलर के लिए क्या-क्या सुविधाएँ दी जाती हैं?